# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/06/25 – 46 ,राँची/दिनांकः 29/07/2025

**झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (कृषि एवं अन्य समवर्गी पाठ्यक्रमों के लिए)– 2025 के परीक्षाफल प्रकाशन (Result Publication) से संबंधित आवश्यक सूचना**

पर्षद द्वारा दिनांक–15.06.2025 (रविवार) को आयोजित झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (कृषि एवं अन्य समवर्गी पाठ्यक्रमों के लिए) –2025 में सम्मिलित हुए सभी परीक्षार्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा के पी0सी0बी0 (PCB), पी0सी0एम0 (PCM) एवं पी0सी0एम0बी0 (PCMB) विषय समूहों का परीक्षाफल, पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर "Result Column" पर प्रवेश परीक्षा का नाम चुनकर, दिये गये दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षाफल (Result) दिनांक–31.07.2025 से अधःभारित (Download) किया जा सकता है।

परीक्षाफल को अधिक पारदर्शी बनाने के मद्देनजर सभी परीक्षार्थियों के Answer OMR Sheets को स्कैन कर उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर भारित (Upload) कर दिये गये हैं जिसे दिनांक–31.07.2025 से अधःभारित किया जा सकता है। साथ ही उक्त परीक्षा के चारों सेटों के प्रश्न–पत्रों के उत्तर–कुंजियाँ (Answer Keys) पर्षद के वेबसाईट पर दिनांक–16.06.2025 को जारी करते हुए दिनांक–19.06.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक सम्मिलित परीक्षार्थियों से प्राप्त आपत्तियों के विरूद्ध विषय विशेषज्ञों का मंतव्य प्राप्त कर, आपत्तियों का निराकरण करते हुए, अंतिम/संशोधित उत्तर कुंजियाँ (Final/Revised Answer Keys) पर्षद के वेबसाईट पर भारित कर दिये गये हैं। उक्त के ही आधार पर परीक्षाफल को तैयार किया गया है।

परीक्षाफल के आधार पर आयोजित की जाने वाली साक्षात्कार से संबंधित विज्ञापन शीघ्र ही पर्षद द्वारा प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों एवं पर्षदीय वेबसाईट में जारी की जायेगी।

परीक्षा नियंत्रक के आदेशानुसार,

(रंजीता हेम्ब्रम, झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक